# विजय शंखनाद मिशन–2014

**मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न मुख्य पार्टियों के मुख्य उम्मीदवारों के बारे में किठौर, मेरठ, हापुड़, मेरठ दक्षिण, कैंट एवं खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के 3848 लोगों से सर्वे करने पर पाया गया कि इनमें से 58 प्रतिशत लोगों ने विनीत शारदा अग्रवाल के पक्ष में बात कही तो उनसे 'कलमपुत्र' के संवाददाता ने एक भेंट कर साक्षात्कार लिया। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के कुछ अंश–**



विनीत अग्रवाल शारदा

**भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ उ0प्र0 के, प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा की छवि मेरठ जिले में व्यापारिक हितों के लिए लड़ाई लड़ने के अलावा हिन्दूत्व रक्षक एवं गऊ रक्षक के रूप में विख्यात है उन्हें कभी मेरठ शहर के अफसरों से तो कभी विपक्षी सरकारों से इसके लिए लड़ते–झगड़ते हुए समाचर पत्र–पत्रिकाओं, टी.वी. चैनलों आदि के माध्यम से देखा जा सकता है। उनका मानना है कि राजनीति कोई पेशा नहीं बल्कि एक सेवा कार्य है आजकल अधिकतर नेता अपना व्यापार चलाने के लिए राजनीति कर रहे है, जो दुर्भाग्य पूर्ण है।**

## नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना पहली प्राथमिकता

मैं पार्टी का सिपाही हूँ फिलहाल मेरे लिए दो फरवरी को होने वाली ़रेन्द्र मोदी की रैली महत्वपूर्ण है मैं उनकी सफलता के लिए कोई भी समझौता करने के लिए तैयार हूँ।

## अनेक संस्थाओं से सम्मानित

पिछले वर्ष ऑल इण्डिया कॉफ्रेन्स ऑफ इन्टीलैक्चूअल द्वारा मेरठ रत्न से सम्मानित किया गया इसके अलावा इससे पहले टैक्सटाइल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आन्ध्रप्रदेश में ऑल इण्डिया वेस्ट क्लॉथ मेन्यूफैक्चरिंग के लिए तमिलनाडू के राज्यपाल के0 रोसैया द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया इसी संस्था द्वारा 2012 में 'नवरत्न' अवार्ड आन्ध्रप्रदेश के विधानसभा स्पीकर द्वारा प्रदान किया गया। दर्जनों बड़ी संस्थाएँ इन्हें अनेक सम्मानों से सम्मानित कर चुकी है।

## लोकसभा चुनाव 2014 में सांसद के टिकट के लिए दावेदार भी

सिटिंग एम.पी. मेरठ हापुड लोकसभा के राजेन्द्र अग्रवाल के टिकट के सवाल पर कहते है मैं 2009 में भी लोकसभा का टिकट मांगा था। लेकिन पार्टी ने राजेन्द्र अग्रवाल को टिकट दिया मैंने पार्टी का निर्णय सहर्ष स्वीकार करते हुए उन्हें तन–मन–धन से चुनाव लड़वाया। जनता के बीच मेरी पहचान पार्टी के एक मजबूत कार्यकर्ता के रूप में है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें लोकतंत्र है पार्टी तय करती है कि कौन चुनाव लड़ेगा। पार्टी का सपना है कि नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उनके लिए मैं कोई भी समझौता करने के लिए तैयार हूँ।

**व्यापारी को टिकट मिले तो अच्छा है....**विनीत शारदा से बातचीत करने पर महसूस हुआ कि वे इस बार किसी व्यापारी को ही टिकट देने के पक्षधर है। क्योंकि कैलाश प्रकाश के बाद वैश्य के रूप में राजेन्द्र अग्रवाल को ही टिकट मिला है। इस बार जनता के लिए सड़क पर संघर्ष करने वाला, किसानों और व्यापारियों के हित में काम करने वाला टिकट का हकदार है। मैं ए.सी. में रहने वाला नेता नहीं हूँ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक होने के नाते मैंने यू.पी. के सभी जिलों में एक मजबुत संगठन को खड़ा किया है अपने सात महीने के कार्यकाल में मैंने उत्तर प्रदेश में 15 बड़े धरने, व्यापारियों के दो बड़े सम्मेलन कराये हैं हमेशा गुटबाजी से दूर रहा हूँ।

## सांसद बना तो.......

यदि मैं सांसद बना तो सबसे पहले हैण्डलूम एवं टैक्सटाइल फैक्ट्रियों को बढ़ावा देने के लिए काम करूंगा। शहर में एक हवाई अड्डा स्थापित कराना। असम, आन्ध्रप्रदेश, केरल एवं बंगाल के लिए सिटी स्टेशन से ट्रेन चलवाना, एक्सपोर्ट हाउस की स्थापना कराना, उद्योगो के लिए पर्याप्त विद्युत, शहर को मैट्रों लाइन से जोड़ना, हस्तिनापुर को पर्यटक स्थल बनवाना स्टेशनों का सुधार एवं डबल लाईन चालू करवाना, शास्त्री नगर में एक स्टेशन की स्थापना करवाना, आई.टी. सैक्टर को बढ़ावा देना, शहर को जाम से मुक्ति दिलवाना, जनता के बीच रहकर उनके लिए ज्यादा से संघर्ष करना, कैंची, गजक, रेवड़ी, निवाड़ सर्राफा व्यापार को बढ़ावा देना, मेरठ को एनसीआर से जोड़ना, सबसे महत्वपूर्ण शहर से कटान बंद करवाना और दोषियों के खिलाफ रासूक लगे ऐसा कानून को पारित करवाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।मेरठ में गुजरात की तरह माँ–बहने रात को 12 बजे भी सुरक्षित चल सके।




बी.जे.पी. के प्रधानमंत्री पद के भावी उम्मीदवार गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भारत की अधिकतर जनता प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। उ0प्र0 की नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह की संयुक्त रूप से विजय शंखनाद रैलियों में कानपुर,झांसी, बहराईच, आगरा, वाराणसी व गौरखपुर की अपार सफलता के बाद मेरठ में रिकार्ड तोड़ भीड़ इक्टठा होगी देश का बच्चा-बच्चा आज उन्हें सुनने के लिए लालायित है। विकास के साथ सुशासन, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता को मुंहतोड़ जवाब देना उनकी प्राथमिकता में है। कृषि व उद्योग में गुजरात को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने वाले एवं सभी व्यापारियों, माँ-बहनों व आम आदमी को सुरक्षा देने की गारंटी में जाँचे-परखे भावी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सभी के दिलों पर राज करते हैं।

# व्यापार नहीं समाज सेवा सर्वोपरि

## साक्षात्कार

## विनीत अग्रवाल शारदा





बहराइच में नरेन्द्र मोदी की रैली में विनित शारदा




राजनाथ सिंह जी से सम्मान प्राप्त करते हुए




उ0प्र0 अध्यक्ष डॉ0लक्ष्मीकान्त वाजपेई के साथ विनीत शारदा



भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के उ0प्र0 अध्यक्ष बनाये जाने पर मिठाई खिलाते व्यापारीगण तथा भाजपा कार्यकर्ता

## साक्षात्कार–विनीत अग्रवाल शारदा

उपरोक्त विचार हैं उ0प्र0 भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा के। उनका कहना है कि अवसरवादी राजनीति की वजह से देश गर्त में जा रहा है। भारत को आजाद हुए 68 वर्ष बीत गये लेकिन आम-आदमी की समस्याओं में कमी की बजाय इज़ाफा की हुआ है वोटों के लिए मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति ने तो मानो आग में घी का ही काम किया है। कांग्रेसी सरकार जिसने आजादी के बाद सबसे लम्बे समय तक भारत पर शासन किया वह भारत की दुर्गति के लिए पुरी तरह से जिम्मेदार है साम्प्रदायिकता फैलाने में बाकी रही सही कसर सपा व बसपा जैसी पार्टीयों ने पूरी कर दी। कांग्रेस के शासन काल में रिकार्ड तोड़ घोटाले, महंगाई एवं भ्रष्टाचार हुए है।

## पारिवारिक स्थिति

विनीत अग्रवाल शारदा के दादा जी सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल 1922 में मेरठ शहर में पुरानी कोतवाली के पास हैण्डलूम की फैक्टरी चलाते थे और खदर वालों के नाम से मशहुर थे। 1986 में पिताजी सेठ धनपतराय अग्रवाल 41 वर्ष की आयु में स्वर्ग सिधार गये तो करीब 20 वर्ष की अल्प आयु में ही कारोबार सम्भालना पड़ा। उनकी माता जी संतोष देवी एवं दादी जी शारदा देवी उनका हाथ बटाने लगी। तीन भाईयों में सबसे बड़े होने की वजह से घर एवं व्यापार का कार्यभार कंधों पर आ गया। इस समय, माँ संतोष रानी गोयल, पत्नी संगीता अग्रवाल, बेटी लवीना, बेटा चिराग, भाई विपिन शारदा तथा उमेश शारदा साथ रहते है।

**राजनीतिक सफर:** 1995 में राजनीति की शुरूआत की 1997 में व्यापार प्रकोष्ठ को महानगर कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गये। 1 साल बाद महानगर उपाध्याक्ष की जिम्मेदारी मिली। 2 साल उपाध्यक्ष रहने के बाद 2000 में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो आप की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने विक्टोरिया पार्क का नाम भामाशाह पार्क रखा। लगातार 20 वर्षों तक व्यापारियों के लिए संघर्ष किया। सन् 2007 में प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी मिली। 2009 में मेरठ हापुड़ लोकसभा चुनाव के लिए टिकट मांगा। सन् 2010 में लघु उद्योग प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बने। राष्ट्रीय सरसो अनुसंधान सलाहकार समिति भरतपुर का सदस्य बनाया गया। कृषि विश्वविद्यालय में इसके सैंटर का शुभारम्भ करवाया और वर्तमान में 2013 से भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक हैं। वैश्य समाज में राष्ट्रीय प्रभारी होने के साथ यू.पी के प्रदेश अध्यक्ष भी है।

**प्र01:– हिन्दुत्व की ओर रूझान कैसे हुआ?**

विनीत शारदा:- देश के जाने-माने समाजसेवी पं0 दीनदयाल उपाध्याय एवं पं0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी जैसे महान लोगों के बारे में पढ़ा। उन्हें अपना आदर्श बनाया और हिन्दुत्व की लौ हृदय के एक कौने में जल गई।

**प्र02:– हम दो हमारे दो के खिलाफ हम दो हमारे पाँच के नारे के पीछे क्या उद्देश्य था?**

विनीत शारदा:- देखिये! जब देश आजाद हुआ दो इस देश में बहुत कम मुसलमान थे। सरकार ने बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए हम दो

# अखबारों की सुर्खियों में विनीत अग्रवाल शारदा



भाजपा नेता विनीत शारदा का जोरदार स्वागत

सपा सरकार में चहुंओर भ्रष्टाचार : विनीत

यदि पार्टी का आदेश मिला तो लड़ूंगा चुनाव : विनीत शारदा

शारदा ने माँगा एसएसपी से डेढ़ माह का हिसाब

नहीं मिला कोई जवाब

व्यापारी दिलाएंगे भाजपा को दिल्ली की कुर्सी : विनीत

शारदा ने आपदा पीड़ितों के लिए व्यापारियों से किया धन एकत्र

यूपी में मोदी लहर से खिलेगा कमल: शारदा

व्यापारी कल्याण आयोग का गठन करेगी भाजपा

डीजल-पेट्रोल से वैट हटाए प्रदेश सरकार : विनीत

'मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है लक्ष्य'

राम मंदिर अयोध्या में अवश्य बनेगा: विनीत

विनीत अग्रवाल शारदा की दादी माँ की तेरहवी में उमड़ा जन-सैलाब

बसपा में गुंडाराज, तो सपा में महागुंडाराज : शारदा

'बसपा-सपा ने उद्योगों के लिए नहीं दिया माहौल'

विनीत शारदा का शानदार स्वागत

विनीत शारदा ने कहा

सपा- बसपा ने बिगाड़े यूपी के हालात

प्रदेश भर के व्यापारियों को एकजुट करेंगे : विनीत शारदा

सत्ता में आते ही भाजपा विदेशी संस्थाओं को भगाएगी

मोदी से डरे विरोधी : विनीत शारदा

अमर उजाला ब्यूरो

बुलंदशहर। नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय राजनीति में दस्तक से सपा, बसपा और कांग्रेस के नेता डरे हुए हैं। बसपा और सपा एक ही बिसात के दो मोहरे हैं दोनों के ही शासन में प्रदेश से उद्योगों का पलायन हुआ है। इनके कार्यकाल में एक भी नई इकाई स्थापित नहीं हुई। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष विनीत अग्रवाल शारदा ने शनिवार को प्रेस

चुनाव में चलेगी मोदी की लहर : शारदा

## साक्षात्कार-विनीत अग्रवाल शारदा



विहिप के अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंहल के साथ



नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर उम्मीदवार घोषित किये जाने पर आतिशबाजी करते विनीत शारदा एवं व्यापारीगण



प्रशासनिक अधिकारियों से जन समस्याओं के लिए लड़ते विनीत शारदा




आन्ध्र प्रदेश के गर्वनर सुरजीत सिंह बरनाला से सम्मान प्राप्त करते विनीत शारदा

हमारे दो का नारा दिया। जिसे हिन्दुओं ने तो लगभग आत्मसात किया लेकिन मुसलमानों ने अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए इसे और तेज कर दिया। आज भारत में लगभग 23 करोड़ मुसलमान है ऐसी स्थिति में मैंने हिन्दुओं के लिए हम दो हमारे पाँच का नारा दिया। इसके अलावा मैं भारत के शक्तिशाली महाराजा अग्रसैन का वंशज हूँ। उनके 18 पुत्र थे जिनकी हम सभी वैश्य संताने है। क्या हम 18 के मुकाबले 5 संतानों का पालन-पोषण भी नहीं कर सकते? अगर सरकार समान आचार संहिता को कठोरता से लागू करती है तो हम उसे भी स्वीकार करने के लिए तैयार है।

**प्र03:- आप आम लोगों एवं व्यापारियों के लिए किन मुदद्दों की लड़ाई लड़ रहें है?**

विनीत शारदा- मेरठ सहित उ0प्र0 में व्यापारियों को टैक्स के हिसाब से एक चौथाई भी सुविधाएँ नहीं मिल रही है। सरकारें सभी लघु, मध्यम  एवं कुटीर उद्योगों को समाप्त करने की नीति पर काम कर रही है। केवल अपहरण उद्योग पिछली बसपा और सपा सरकार में पनपा है। वैट तथा करों की भरमार एवं इस्पैक्टर राज/गुण्डाराज ने अनेक उद्योगों की चूलें हिला कर रख दी है। सन् 1951 ये लेकर 1976 तक कांग्रेस की सरकारें रही लेकिन कोई बड़ा उद्योग नहीं पनपा इसके बाद कुछ समय के लिए भाजपा की सरकार आई तो व्यापारियों का कुछ हित हुआ। गुण्डे-बदमाश बिलों में छिप गये। किसान, मजदूर और आम आदमी कुछ खुशहाल हुआ था। लेकिन इसके बाद की सरकारें फिर उ0प्र0 को हाशिए पर ले आई हैं। अब भाजपा ही इसे दोबारा ढर्रे पर ला सकती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह और श्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल में जितना विकास उ0प्र0 का हुआ इतना कभी नहीं हुआ। बसपा के पिछले शासन काल में इस्पेक्टर राज की वजह से 5882 और सपा के इस दो वर्ष के शासन में 3872 लघु उद्योग उ0प्र0 से गुजरात की ओर पलायन कर गये है।

**प्र04:- मेरठ के उद्योगों की क्या दशा है?**

विनीत शारदा- मेरठ के प्रसिद्ध उद्योग जैसे स्पोंटस, रेवड़ी, गजक, हैण्डलूम, निवाड़, एग्रीकल्चर एवं ज्वैलरी निर्माण सभी सरकार की गलत नितीयों के कारण या तो बंद हो गये हैं या बंद होने के कगार पर है। केवल अपहरण उद्योग ही यहाँ फल-फूल रहा है। 1987 के दंगों के बाद यहाँ दिशावर का व्यापारी आना बंद हो गया। सपा ने वैट समाप्त करने का वायदा किया था लेकिन खरी नहीं उतरी।

**प्र05:- आप भाजपा का क्या भविष्य देखते हैं?**

विनीत शारदा- उ0प्र0 ही नहीं वरन पूरे भारत के नागरिकों को विकास, सुरक्षा, स्वाभिमान एवं चहुंमुखी विकास केवल भाजपा ही दे सकती है। आज कांग्रेस ने देश को विदेशी कम्पनियों के

# अखबारों की सुर्खियों में विनीत अग्रवाल शारदा

## भाजपा नेता विनीत शारदा छू रहे व्यापारियों के दिलों को

### भाजपा ने शारदा को टिकट देने में कोताही बरती तो मेरठ-हापुड़ सीट का हो सकता है नुकसान



## महंगाई के विरोध में 25 को विधान सभा घेरेंगे



■ भाजपा का केंद्र-राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा
■ दिन-प्रतिदिन बढ़ती महंगाई से आम आदमी परेशान

## विवि को नहीं बनने देंगे राजनीति का अखाड़ा

### कृषि विवि कुलपति ने शिक्षकों को दी चेतावनी



शिक्षकों का क्रमिक अनशन जारी   संयुक्त व्यापार संघ भी शिक्षकों के साथ

## कृषि विवि में खुलेगा क्षेत्रीय सरसों अनुसंधान केंद्र

• राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केंद्र की प्रबंध समिति सदस्य ने कहा



मेरठ, 1 फरवरी 2007 (4)

## एक्सपोर्ट हाऊस-टैक्सटाईल पार्क जरूरी:शारदा



मेरठ (वि)। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री विनीत अग्रवाल शारदा व संचालन गजेन्द्र शर्मा ने किया।

श्री शारदा ने कहा कि मेरठ में प्रमुख ... आंकड़ों को जोड़कर देखा जाये तो मेरठ जिले में कम से कम 25 हजार इकाइयां उत्पादन क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं।

श्री शारदा ने जानकारी दी कि उन्होंने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि इन बिन्दुओं को देखते हुए मेरठ में एक्सपोर्ट हाउस अविलम्ब खोला जाये और हैण्डलूम उद्योग को ध्यान में रखते हुए मेरठ में टैक्सटाइल पार्क दिया ... बिजली पानी एवं

### व्यापारी सुशील गर्ग की बरामदगी को लेकर

## विनीत अग्रवाल शारदा कलक्ट्रेट पर भूख हड़ताल पर



## शारदा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री बने



### महंगाई के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार दोषी





बढ़ते अपराध के खिलाफ विनित अग्रवाल शा...
डीआईजी कार्यालय प्रदर्शन कर विरोध दर्ज...



## अनिकेत को सौंपी सहायता राशि

... भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश मंत्री विनीत अग्रवाल शारदा के नेतृत्व में ... ने लगातार तीसरे दिन अनिकेत के उपचार के लिए धन इकट्ठा किया। ... के अभियान में व्यापारियों ने खंदक बाजार, सुभाष बाजार, बुढ़ाना गेट, ... बाजार से धन संग्रह किया। राशि एकत्र करने वालों में तेजेंद्र खुराना, अश्विनी ..., आनन्द अग्रवाल, पंकज गोयल, उमेश शारदा, जैपी गोयल, संजय शर्मा, नवीन ..., सर्वेश सर्राफ, विपिन शर्मा, अनिल सिंघल और संयुक्त व्यापार संघ के मंत्री ... शामिल थे। व्यापारियों ने तीन दिनों के संग्रह एक लाख दस हजार रुपये अनिकेत की नानी और माता को सौंपे। व्यापारियों ने मेरठ की जनता से आह्वान किया कि वह अनिकेत के उपचार के लिए मदद को आगे आए, ताकि वह जल्दी स्वस्थ हो सके।

## मोदी और राजनाथ की अगुवाई में बनेगी सरकार : विनीत अग्रवाल

अमर उजाला ब्यूरो

...एडा। बसपा सरकार के शासन से तंग आकर प्रदेश के लोगों ने अखिलेश सरकार पर विश्वास किया था लेकिन वह भी खरी नहीं उतरी है। नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह की अगुवाई में केंद्र में अगली सरकार भाजपा की बनेगी। ये बातें भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश ...




नोएडा में पत्रकारों को संबोधित करते भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा और मंचासीन अन्य।

केंद्र सरकार देश को विदेशी ताकतों के हाथ बेचने को उतारू है। आम आदमी की परेशानियों से उसे कोई मतलब नहीं है जो महंगाई की मार के नीचे दबता जा रहा है। यदि इस सरकार को जल्द दिल्ली के तख्त से नहीं हटाया गया तो देश एक बार फिर गुलाम हो जाएगा। आगामी लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी और राजनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

## बेंच को जनांदोलन

DLA News

मेरठ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर प्रदेश सरकार ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। ...




विनीत शारदा

### अखिल भारतीय वैश्य महासभा और पउप्र उद्योग व्यापार मंडल देगा सहयोग

### प्रदेश अध्यक्ष विनीत शारदा ने लगाया सीएम पर वेस्ट की उपेक्षा करने का आरोप

## आतंकवाद खत्म हो, तब नया साल: विनीत शारदा

कहा, 2009 में अफजल को फांसी और पाक पर हमला जरूरी





अधिकारियों को समस्या निवारण ज्ञापन देते विनीत शारदा



जनहित में अधिकारियों से भिड़ते विनीत शारदा



अखिल भारतीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम शंकर गर्ग के साथ विनीत शारदा

हाथों बेच दिया है। घोटालों की वजह से अर्थव्यवस्था चरमरा कई है। उ0प्र0 को उत्तमप्रदेश केवल भाजपा ही बना सकती है। भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार एवं गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर सभी वर्गों का चहुंमुखी विकास हो सकता हैं। यह नरेन्द्र मोदी ने मॉडल के तौर पर गुजरात में करके दिखा दिया है। भाजपा 272 नहीं बल्कि 300 लोकसभा सीटों पर विजयी होगी।

**प्र06ः– पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान सुना गया था कि आपको कई बड़ी पार्टीयाँ चुनाव लड़ाने के लिए ऑफर दे रही थी तब भी आपने भाजपा नहीं छोड़ी क्या कारण रहें?**


विनीत शारदा- मैंने पहले भी कहा था कि भाजपा मेरी माँ के समान है, मैं उसे तब तक नहीं छोड़ सकता जब तक मेरे जिस्म में एक भी सांस है यह सही है कि मेरे पास कई बड़ी पार्टियों के ऑफर आये थे। लेकिन मैंने उन्हें मना कर दिया। टिकट ना मिलने पर कई संस्थाओं एवं मेरठ शहर के अनेक नागरिक समहूओं ने मेरे पक्ष में टिकट न मिलने पर प्रदर्शन भी किया था।

**प्र07ः–पार्टी में गुटबाजी की अफवाहें फैलती रहती हैं इसमें क्या सच्चाई है?**

विनीत शारदा- बिल्कुल गलत। पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है यह सब विपक्षी पार्टियों व मीडिया द्वारा उछाली गई बातें हैं। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें लोकतंत्र है। थोड़े बहुत मतभेद अगर उभर भी जाते है तो वे मिल बैठकर खत्म कर लिये जाते है।

**प्र08ः– देश में व्याप्त आतंकवाद, एफ. डी.आई. घोटाले, महंगाई के बारे में क्या विचार है?**


विनीत शारदा- देखिये! ये सब किसी देश तथा सामाज के लिए नासूर है इन्हें समाप्त होना ही चाहिए। आतंकवाद, घोटाले व महंगाई कांग्रेस की देन है जिससे जनता बुरी तरह त्रस्त है। चारों तरफ हाहाकार मचा है रही सही कसर एफडीआई बिल पास होने से भारत का खुदरा/किराना व्यापारी सड़क पर आ गया है। एक ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने देश को 250 वर्षों की गुलामी दी है तो आप अंदाजा लगा सकते है



मेरठ में महासंग्राम रैली के दौरान तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी के साथ विनीत शारदा



आगरा में विजय शंखनाद रैली के निमन्त्रण पत्र देते हुए



मेरठ में विजय शंखनाद रैली के निमन्त्रण पत्र देते हुए

कि हजारो विदेशी कम्पनियों के आने से क्या हालत हो सकती है? वालमार्ट जैसी विदेशी कम्पनी भारत के खुदरा व्यापार को खा जायेगी।

**प्र09:- लक्ष्मीकांत वाजपेयी के नेतृत्व में विजय शंखनाद रैली की सफलता के कितन आसार हैं?**

विनीत शारदा- डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी जी हिन्दुत्व के पुरोधा हैं,उनकी साफ-सुथरी छवि है, मेरठ की जनता ने उन्हें फिर से विधायक बनाकर एवं भाजपा ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाकर उनमें विश्वास जताया है। सबको साथ लेकर चलना उनकी नियति है। सबसे बड़ी खासियत उनकी यह है कि वे संगठन और पार्टी के प्रति पुरी तरह से सर्मपित है। उ0प्र0 में नगरनिगम/नगर पंचायत चुनाव में उनके नेतृत्व में पार्टी को सबसे ज्यादा बड़ी जीत मिली है। रही लोकसभा चुनाव में सीटों के जीतने की बात तो प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी जी की कार्य प्रणाली का जादू सबके सिर चढ़कर बोल रहा हैं। भाजपा लोकसभा चुनाव 204 में बहुमत से भी ज्यादा सीटें पर विजय प्राप्त करेंगी।

**प्र010:- राजनाथ जी के नेतृत्व से पार्टी एवं जनता को क्या उम्मीदें हैं?**

विनीत शारदा- राजनाथ सिंह जी भाजपा के लिए बहुत शुभ है मैं पहले ही कह चुका हूँ कि मैं पार्टी का एक छोटा-सा कार्यकर्ता हूँ। मैं कुछ ज्यादा नहीं कह सकता लेकिन मैंने महसूस किया कि जब-जब राजनाथ सिंह जी के हाथों में पार्टी की बागडोर आई है तब-तब भाजपा ने दिन-दूनी, रात-चौगनी उन्नति की है मुझे पुरा विश्वास है कि हम उनके नेतृत्व में पूर्ण रूप से केन्द्र की सत्ता हासिल कर लेंगे।

**प्र011:- 2 फरवरी में मेरठ में विजय शंखनाद रैली की क्या तैयारियाँ हैं?**

विनीत शारदा- पार्टी के कार्यकर्ता बहुत उत्साह से भरे हुए हैं यह रैली पिछली सभी रैलीयों का रिकार्ड तोड़ेगी पचास हजार कार्ड छपवाकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के व्यापारी भाइयों को मेरठ जिले में ससम्मान निमंत्रण भेजा गया है। इसके अलावा 25-25 हजार कार्ड पश्चिमी उ0प्र0 के अन्य 19 जिलों में भेजे गये हैं। इसके अलावा बैठकों हार्डिग्स, बैनर एवं पम्पलैटों द्वारा प्रचार किया जा रहा है। 30 एवं 31 जनवरी में व्यपार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक जिले में रथ यात्रा निकालकर संदेश पहुचाँया जा रहा है।

**प्र013:- यदि नरेन्द्र मोदी जी प्रधनमंत्री बने तो क्या करेंगे?**

विनीत शारदा- व्यापारियों के लिए 'व्यापारी कल्याण आयोग' का गठन करेंगे। एफडीआई को बाहर करेंगे। करों (टैक्स) का सरलीकरण, व्यापारियों, किसानों एवं मजदूरों को सम्मान




लखनऊ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की व्यापारी माह सम्मेलन में हिस्सा लेते विनित शारदा



भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कटियार एवं अन्य नेताओं के साथ विनीत शारदा



मेरठ रत्न प्राप्त करते विनित शारदा अपनी पत्नी के साथ



मेरठ में विजय आम दुकानदार की शंखनाद रैली के निमन्त्रण पत्र देते हुए

दिलायेंगे।

**प्र014:– अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के बारे मे कुछ कहना चाहेंगे?**

विनीत शारदा- वैसे मैं उनके लिये कुछ कहना ही नहीं चाहता। लेकिन अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की अवैध औलाद है। इसी के साथ शक होता है कि वे किसी विदेशी ताकत की कठपुतली बन कर देश के लोगों को भ्रमित करने में लगे है। गणतंत्र दिवस के बारे में अनाब-शनाब कार्य एवं बकवासबाजी करने पर उन पर देशद्रोह का मुकद्दमा होना चाहिए। उन्होंने जनता के विश्वास के साथ धोखा किया है।होता है कि वे किसी विदेशी ताकत की कठपुतली बन कर देश के लोगों को भ्रमित करने में लगे है। गणतंत्र दिवस के बारे में अनाब-शनाब कार्य एवं बकवासबाजी करने पर उन पर देशद्रोह का मुकद्दमा होना चाहिए। उन्होंने जनता के विश्वास के साथ धोखा किया है।

**प्र014:– मुलायम सिंह इन लोकसभा चुनाव में कितने सफल हो सकते हैं?**

विनीत शारदा- मुलायम सिंह वोटों के लिए मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दे रहें है। कितने ही हिन्दूओं के मारे जाने पर भी केवल मुसलमानों को ही मुआवजा देकर उन्होंने राजधर्म का अपमान किया है। पीड़ितों से दुर्व्यवहार किया है। सफई में नचनियों के साथ नाचकर करोड़ों रूपए खर्च करना एवं मौज-मस्ती करना महंगा पड़ेगा। जनता इसका बदला जरूर लेगी। और इन चुनावों में सबक सीखायेगी।

**प्र016:–राहुल गांधी को काफी वाद-विवाद के बाद भी प्रधानमंत्री पद के लिये घोषित न किये जाने के पीछे क्या राज है?**

विनीत शारदा- सोनिया गांधी जी कांग्रेस अध्यक्ष का ताज़ सदैव पहने रहना चाहती है व राहुल गांधी को बलि का बकरा बनाने से डर रही है। कांग्रेस के कार्यों का भण्डाफोड़ हो चुका है। महंगाई घोटाले भ्रष्टाचार करके वह के मुकाबले से पहले ही बाहर हो गई है। अब जनता कांग्रेस मुक्त भारत का निर्माण चाहती है। हमारा उनसे कोई मुकाबला नहीं।



प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद मेरठ आगमन पर व्यापारियों द्वारा भव्य स्वागत